पाक ने श्रीलंका को फिर हराया

तीन एक दिवसीय मैच की सीरीज में किया सूपड़ा साफ

रावलपिंडी, 17 नवंबर. **पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ एक बार फिर अपने घरेलू मैदान पर दबदबा दिखाया और तीसरे व अंतिम एकदिवसीय मुकाबले में मेहमान टीम को छह विकेट से हराकर सीरीज 3-0 से जीत ली।**

गेंदबाजों ने शुरुआती झटके देकर श्रीलंका को 211 के सीमित स्कोर पर रोकने में अहम भूमिका निभाई, जिसके बाद पाकिस्तानी बल्लेबाजों ने संयम और समझदारी भरी पारी खेलकर लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। गेंदबाजों के धारदार प्रदर्शन और फखर ज़मान, मोहम्मद रिज़वान तथा हुसैन तलत की जिम्मेदार पारियों की बदौलत पाकिस्तान ने श्रीलंका को छह विकेट से हराकर तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज 3-0 से क्लीन स्वीप कर ली। 212 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की शुरुआत संतोषजनक नहीं रही। हसीबुल्लाह खान बिना खाता खोले सिर्फ 12 गेंदों में महेश तीक्षणा की गेंद पर आउट हो गए।

- फखर, रिजवान और तलत ने खेलीं बेहतरीन पारियां
- वेंडरसे ने कराई श्रीलंका की वापसी
- श्रीलंका अच्छी शुरूआत के बाद ढहा
- वसीम, रऊफ और फैसल का जलवा

शुरुआती झटका मिलने के बाद पाकिस्तान ने थोड़ी धीमी गति से रन बनाए, लेकिन फखर ज़मान ने जैसे ही अपने शॉट्स खेलने शुरू किए, टीम की लय वापस आ गई। उन्होंने प्रमोद मदुशन और तीक्षणा के खिलाफ बेहतरीन स्ट्रोक खेले और रनरेट को आगे बढ़ाया। फखर ने 45 गेंदों पर 55 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली, जिसमें आठ चौके शामिल थे। उन्होंने बाबर आज़म के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 80 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। इस साझेदारी ने पाकिस्तान को मुकाबले पर पूरी तरह नियंत्रण में ला दिया। पाकिस्तान का स्कोर जब 82/1 था, तभी ऐसा लग रहा था कि टीम आसानी से लक्ष्य तक पहुंच जाएगी। इसी चरण में श्रीलंका ने जेफरी वेंडरसे के रूप में एक प्रभावी हथियार पाया। उन्होंने पहले फखर को डीप में कैच कराया, फिर बाबर आज़म को 34 रन पर बोल्ड किया। इसके बाद उन्होंने सलमान आगा को भी पगबाधा आउट कर पाकिस्तान को मुश्किल में डाल दिया था.।

अनुया प्रसाद ने स्वर्ण और प्रांजलि धूमल ने जीता रजत

भारतीय निशानेबाजों ने रचा इतिहास : अभिनव के पुरुष वर्ग में रजत के साथ भारत का दमदार प्रदर्शन

टोक्यो/नई दिल्ली, 17 नवंबर. भारत के निशानेबाज़ों ने 25वें ग्रीष्मकालीन डेफलिंपिक में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक बार फिर पदकों की झड़ी लगा दी। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में अनुया प्रसाद ने स्वर्ण और प्रांजलि प्रशांत धूमल ने रजत जीतकर भारत को वन-टू फिनिश दिलाया।

दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने न सिर्फ मेडल जीते, बल्कि अपने प्रदर्शन से नए रिकॉर्ड भी बनाए। दूसरी ओर पुरुषों में अभिनव देशवाल ने रजत पदक जीतते हुए

टूर्नामेंट में भारत की पदक संख्या सात तक पहुंचा दी।भारत की अनुया प्रसाद और प्रांजलि प्रशांत धूमल ने 25वें ग्रीष्मकालीन डेफलिंपिक की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत जीतकर देश को डबल पोडियम दिलाया, जबकि अभिनव देशवाल ने पुरुष वर्ग में रजत पदक हासिल कर भारत की निशानेबाज़ी चुनौती को और मजबूत किया। अनुया प्रसाद ने फाइनल राउंड में शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा। उन्होंने पहली सीरीज में 52.5 अंक जुटाते हुए बढ़त हासिल कर ली, जिसे उन्होंने अंत तक नहीं छोड़ा। अपने स्थिर और नियंत्रित प्रदर्शन के दम पर अनुया ने 241.1 का अंतिम स्कोर बनाया, जो फाइनल में नए डेफ फाइनल विश्व रिकॉर्ड के रूप में दर्ज हुआ।

> पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भारत के अभिनव देशवाल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। उन्होंने फाइनल में 235.2 अंक का स्कोर किया। शुरुआत में अभिनव टॉप-3 में बने रहे और धीरे-धीरे आगे बढ़ते दिखे, लेकिन कोरिया के ताए यंग किम ने 238.2 अंक के साथ उन्हें पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण अपने नाम कर लिया।

गिल को मिली अस्पताल से छुट्टी

गुवाहाटी टेस्ट में खेलने को लेकर अभी भी संशय

कोलकाता 17 नवंबर. दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में गर्दन में आई अकड़न के इलाज के बाद भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को एक निजी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

हालांकि अगले शनिवार को गुवाहाटी में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में उनकी भागीदारी को लेकर अभी भी संशय बना हुआ है, क्योंकि टीम प्रबंधन उनके कार्यभार को ध्यान में रखकर ही अंतिम निर्णय लेगा। गिल अब होटल में अपने साथी खिलाड़ियों से जुड़ेंगे। लेकिन ऐसा माना जा रहा कि वह

▸ गर्दन में आ गई थी अकड़न

मंगलवार सुबह कोलकाता में होने वाले अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लेंगे। पूरी टीम बुधवार को गुवाहाटी के लिए उड़ान भरेगी। लेकिन चूंकि गिल गर्दन की समस्या से उबर रहे हैं और वाणिज्यिक उड़ान (कमर्शियल एयर ट्रैवल) की सलाह आमतौर पर ऐसे खिलाड़ियों को नहीं दी जाती।



विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप

गुरप्रीत सिंह ने जीता रजत पदक

नयी दिल्ली, 17 नवंबर. ओलंपियन गुरप्रीत सिंह ने 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में विश्व चैंपियन बनने के बेहद करीब पहुंच गए थे, लेकिन यूक्रेन के पावलो कोरोस्टाइलोव से इनर 10 के अधार पर हारने के बाद उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। मिस्र के काहिरा स्थित

25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल में चांदी पर लगा निशाना

यूक्रेन के पावलो कोरोस्टाइलोव ने जीता सोने का तमगा

ओलंपिक शूटिंग रेंज में आयोजित प्रतियोगित में गुरप्रीत सिंह को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप में गुरप्रीत का यह दूसरा व्यक्तिगत पदक है, पहला पदक भी उन्होंने 2018 में चांगवोन में 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीता था। फ्रांस के यान पियरे लुई फ्रिड्रिसी ने कांस्य पदक जीता।

गुरप्रीत ने दो दिनों की प्रतियोगिता में प्रिसिशन और रैपिड चरणों में कुल 584 अंक हासिल किए, जबकि कोरोस्टाइलोव ने 29 इनर 10 और अंतिम रैपिड राउंड में 100 का परफेक्ट स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय निशानेबाज प्रिसिशन चरण के बाद 288 अंक (95,97,96) के स्कोर के साथ नौवें स्थान पर थे।

उन्होंने दूसरे दिन वापसी करते हुए रैपिड चरण में 296 अंक (98,99,99) का शानदार स्कोर बनाकर रजत पदक जीता। प्रिसिशन चरण के बाद 291 के स्कोर के साथ अग्रणी रहे यूक्रेनी निशानेबाज ने रैपिड चरण में 293 अंक का स्कोर बनाकर गुरप्रीत के स्कोर की बराबरी की और स्वर्ण पदक जीता। प्रिसिशन चरण के बाद 291 अंक के साथ पदक की दौड़ में शामिल हरप्रीत सिंह दूसरे स्थान पर रहे थे,

> प्रतियोगिता में शामिल अन्य भारतीय निशानेबाज, साहिल चौधरी 561 अंक के साथ 28वें स्थान पर रहे। तीनों निशानेबाज टीम पदक तालिका से बाहर रहे और पांचवें स्थान पर रहे। भारत ने विश्व चैंपियनशिप में कुल 13 पदकों (तीन स्वर्ण, छह रजत और चार कांस्य) के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए अपना अभियान समाप्त किया।

एक नजर में

संगाकारा निभाएंगे आरआर में दोहरी भूमिका

जयपुर. इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के दौरान कुमार संगाकारा राजस्थान रॉयल्स (आआर) के प्रमुख कोच और क्रिकेट निदेशक की दोहरी भूमिका निभाएंगे। इसके साथ ही पिछली बार बल्लेबाजी कोच रहे विक्रम राठौड़ को टीम का सहायक कोच बनाया गया है। संगाकारा पहले भी 2021 से 2024 तक टीम के प्रमुख कोच रह चुके हैं। उनके कार्यकाल में आआर की टीम 2022 के फाइनल और 2024 के प्लेऑफ में पहुंची थी। आआर ने एक बयान जारी करते हुए कहा, 'वह एक ऐसा दौर था, जिसमें टीम के प्रदर्शन और निरंतरता में साफ बढ़ोतरी देखी गई।' फ्रैंचाइजी के मुख्य मालिक मनोज बदाले ने कहा, 'हम बेहद खुश हैं कि कुमार एक बार फिर प्रमुख कोच के रूप में लौट रहे हैं। टीम को उनकी पहचान, नेतृत्व और रॉयल्स के कल्चर की गहरी समझ से निरंतरता और स्थिरता का सही संतुलन मिलेगा। कुमार ने हमेशा हमारा पूरा भरोसा जीता है। उनकी स्पष्टता और क्रिकेट की समझ टीम को अगले स्तर तक ले जाने में अहम भूमिका निभाएगी।' इसके साथ बल्लेबाजी कोच राठौड़ का प्रमोशन भी हुआ है। फ्रैंचाइजी ने यह भी घोषणा की कि शेन बॉन्ड गेंदबाजी कोच, ट्रेवर पेनी और सिड लाहिरी क्रमशः सहायक कोच और हाई परफॉर्मेंस कोच बने रहेंगे।

काले-लोपेज की जोड़ी ने जीता खिताब

लुसाका (जाम्बिया). भारतीय शटलर अनुज काले और इयान लोपेज की जोड़ी ने अचुतादित्य राव डोड्डावरापु और अर्जुन रेड्डी पोचाना की जोड़ी को हराकर बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष युगल खिताब जीता। स्पोर्ट्स डेवलपमेंट सेंटर में रविवार को प्रतिस्पर्धा करते हुए बैडमिंटन रैंकिंग में 386वें स्थान पर काबिज काले और लोपेज ने 26 मिनट तक चले मुकाबले में हमवतन और दुनिया की 618वें नंबर की जोड़ी अचुतादित्य राव डोड्डावरापु और अर्जुन रेड्डी पोचाना को 21-9, 21-13 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इससे पहले इस युवा भारतीय जोड़ी ने सेमीफाइनल में जाम्बिया के गैनलियन डोंग और डाकिंग हू की जोड़ी को सीधे गेमों में हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। दोनों खिलाड़ियों के लिए यह उनका पहला बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन खिताब है।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम मलेशिया रवाना

बेंगलुरु. भारतीय पुरुष हॉकी टीम 23 से 30 नवंबर तक होने वाले 31वें सुल्तान अजलान शाह कप प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सोमवार तड़के बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से मलेशिया के इपोह के लिए रवाना हुई। इस संस्करण में भारत 23 नवंबर को अपने शुरुआती मैच में कोरिया से भिड़ेगा, उसके बाद राउंड-रॉबिन चरण में बेल्जियम, मेजबान मलेशिया, न्यूजीलैंड और कनाडा के खिलाफ मैच होंगे। लीग चरण के अंत में शीर्ष दो टीमें 30 नवंबर को होने वाले फाइनल में अपनी जगह पक्की करेंगी। पिछले कुछ हफ्तो से भारतीय टीम ने बेंगलुरु में अभ्यास किया है। डिफेंडर संजय टूर्नामेंट में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। कप्तान संजय ने कहा, 'हम सुल्तान अजलान शाह कप का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टीम ने पिछले कुछ हफ्तो में कड़ी मेहनत की है, सामरिक अनुशासन और फिटनेस दोनों पर ध्यान केंद्रित किया है। यह टूर्नामेंट हमेशा एक बेहतरीन प्रतिस्पर्धी माहौल और मजबूत अंतरराष्ट्रीय प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ खुद को परखने का मौका प्रदान करता है।'

ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन आज से

सिडनी. भारत की शीर्ष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मंगलवार से सिडनी में शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में वापसी करते हुए इस सीजन का अपना पहला खिताब जीतने मैदान में उतरेंगे। पुरुष युगल बैडमिंटन रैंकिंग में सातवें स्थान पर मौजूद सात्विक और चिराग बीडब्ल्यूएफ 2025 वर्ल्ड टूर में अपने 14 मुकाबलों में से आठ में सेमीफाइनल तक पहुंचे, लेकिन इस सीजन में अपने किसी भी अच्छे प्रदर्शन को खिताब में नहीं बदल पाए हैं। भारतीय जोड़ी ने साल की शुरुआत में हांगकांग ओपन और चाइना मास्टर्स के फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन दोनों ही मौकों पर उन्हें उपविजेता से संतोष करना पड़ा था। टूर्नामेंट में पुरुष एकल में, विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय और किदांबी श्रीकांत, साथ ही उभरते हुए प्रतिभाशाली आयुष शेट्टी, भारत की

सिनर ने दूसरी बार जीता एटीपी फाइनल्स

फाइनल में अल्काराज को हराया

ट्यूरिन (इटली) 17 नवंबर. इटली के स्टार टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने फाइनल मुकाबले में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्पेन के कार्लोस अल्काराज को हराकर लगातार दूसरी बार अपना एटीपी फाइनल्स चैंपियनशिप 2025 का खिताब जीता।

सिनर ने रविवार को खेले गये खिताबी मुकाबले में विश्व के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी अल्काराज को 7-6 (7-4), 7-5 से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम की। सिनर ने पिछले तीन एटीपी फाइनल्स चैंपियनशिप मैचों में शामिल रहे हैं और उन्होंने लगातार दूसरी बार खिताब जीता है। 2023 के संस्करण में उन्हें सर्बिया के नोवाक जोकोविच से हार का सामना करना पड़ा था। ' सिनर और अल्काराज ने साल के चारों ग्रैंड स्लैम खिताब बराबरी पर जीते हैं, जिसमें सिनर ने ऑस्ट्रेलियन और विंबलडन का खिताब जीता, जबकि स्पेनिश खिलाड़ी ने फ्रेंच और यूएस ओपन में जीत हासिल की।



> खिताब जीतने के बाद सिनर ने कहा, 'कार्लोस के खिलाफ खेलना मुश्किल था। वह खेल में वापसी करने वाले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। मैं बहुत खुश हूं। यह बहुत ही कठिन मैच था। इस सीजन का इस तरह अंत करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है।

पुर्तगाल ने फीफा विश्व कप 2026 में की जगह पक्की

बर्लिन, 17 नवंबर. जोआओ नेवेस और ब्रूनो फर्नांडीस की हैट्रिक की बदौलत पुर्तगाल ने पोर्टो में आर्मेनिया को 9-1 से हराकर फीफा विश्व कप 2026 में अपनी जगह पक्की कर ली। कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो के निलंबन के बाद, पुर्तगाल ने रविवार को पोर्टो में अपनी नई अग्रिम पंक्ति के साथ मैदान में उतरकर जल्द ही मैच पर नियंत्रण हासिल कर लिया।

रेनाटो वेइगा ने सातवें मिनट में गोल करके शुरुआती बढ़त दिलाई, जिससे मेजबान टीम के पास गेंद पर कब्जा करने का दबदबा बना रहा। आर्मेनिया ने 18वें मिनट में पहला अच्छा मौका पाकर बराबरी कर ली, लेकिन पुर्तगाल ने तेजी से जवाबी हमला किया और गोंकालो रामोस ने 10 मिनट बाद गोलकर बढ़त हासिल कर ली, जिसके बाद नेवेस ने दो और फर्नांडीस ने एक और गोल करके रॉबर्टो मार्टिनेज की टीम को हाफटाइम तक 5-1 से आगे कर दिया। पुर्तगाल ने ब्रेक के बाद भी अपनी लय बनाए रखते हुए आर्मेनिया पर दबाव बनाये रखा। फर्नांडीस ने दो संयमित फिनिश के साथ अपनी हैट्रिक पूरी की, नेवेस ने अंत में अपनी तीसरी हैट्रिक लगाई और फ्रांसिस्को कॉन्सेइकाओ ने स्टॉपेज-टाइम में गोल करके जीत हासिल की।

वेस्टइंडीज के खिलाफ शेष वनडे सीरीज में मिशेल का खेलना संदिग्ध

क्राइस्टचर्च 17 नवंबर. वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच जिताऊ शतक बनाने वाले न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डेरिल मिशेल का कमर में खिंचाव की परेशानी के कारण शेष एकदिवसीय सीरीज में खेलना संदिग्ध है। हेगले ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले एकदिवसीय में 119 रनों की शतकीय पारी खेलने वाले डेरिल मिशेल को मैच के दौरान कमर में खिंचाव की समस्या का सामना करना पड़ा था। उन्हें अपनी बाईं कमर का स्कैन करवाना होगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने बताया कि मिशेल स्कैन के लिए क्राइस्टचर्च में ही रुकेंगे।

डीएसजेए ने मीरा बाई चानू को चुना वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

नयी दिल्ली, 17 नवंबर. दिल्ली खेल पत्रकार संघ (डीएसजेए) ने रविवार को दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) में आयोजित अपने वार्षिक पुरस्कार समारोह में भारतीय खेल जगत के कई प्रमुख नामों को सम्मानित किया।

इस विशेष अवसर पर टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उनके लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन, अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों और भारतीय भारोत्तोलन को नई पहचान दिलाने की भूमिका को देखते हुए डीएसजेए ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। इसी के साथ, चानू के कोच विजय शर्मा को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ कोच का पुरस्कार देकर उनके मार्गदर्शन और खेल विकास में योगदान को भी मान्यता दी गई। समारोह में डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली और दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष तथा भारतीय तीरंदाजी संघ के महासचिव वीरेंद्र सचदेवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोनों ही प्रमुख हस्तियों ने खेल पत्रकारिता की भूमिका, खेलों की लोकप्रियता में मीडिया के योगदान और युवा पत्रकारों की जिम्मेदारी पर विस्तार से बात की। समारोह में उपस्थित खेल पत्रकारों, खेल संगठनों और खेल प्रशासकों ने भी इस आयोजन की सराहना की और कहा कि डीएसजेए का यह आयोजन पत्रकारिता जगत के उन प्रयासों को मान्यता देता है जो अक्सर सार्वजनिक नजरों से दूर रह जाते हैं।

समारोह में तीन वरिष्ठ पत्रकार—प्रदीप मैगजीन, विपिन बहुगुणा और के.पी. मोहन—को खेल पत्रकारिता में उनके लंबे योगदान और प्रभावशाली कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इन तीनों पत्रकारों ने वर्षों तक भारतीय खेलों के महत्वपूर्ण क्षणों को न केवल रिपोर्ट किया, बल्कि कई बार अपनी लेखनी के माध्यम से खेल नीतियों और खिलाड़ियों के पक्ष में सकारात्मक बदलाव भी लाए। उनके अनुभवों और कहानियों ने खेल पत्रकारिता को और अधिक परिपक्व और समृद्ध बनाया है। इसके अलावा, मशाल स्पोर्ट्स के प्रमुख और प्रो कबड्डी लीग के लीग अध्यक्ष अनुपम गोस्वामी को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ प्रशासक का पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रो कबड्डी लीग को भारतीय खेलों में एक बड़े ब्रांड के रूप में स्थापित करने, खेलों को मनोरंजन से जोड़ने और स्वदेशी खेल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में उनकी भूमिका की व्यापक सराहना की गई। गोस्वामी ने पुरस्कार ग्रहण करते हुए कहा कि भारतीय खेलों में अभी भी बहुत संभावनाएं छिपी हैं, और मीडिया तथा प्रशासकों के संयुक्त प्रयास से खेलों को और अधिक लोकप्रिय बनाया जा सकता है।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)

(CIN-L65110TN2014PLC097792)

रजिस्टर्ड ऑफिस: केआरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031

फोन: +91 44 4564 4000, फैक्स: +91 44 4564 4022

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना

निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया है. आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

क्र. सं.	लोन एकाउंट नं.	लोन का प्रकार	सेक्शन 13(2) नोटिस तिथि	सेक्शन 13(2) नोटिस अनुसार बकाया राशि
1.	41467552	संपत्ति पर ऋण	31.10.2025	रु. 4,55,751.53/-

देनदार और सह-देनदारों का नाम:- 1. अंसार नेहराली 2. शबाना बी

संपत्ति का पता: प्लॉट संख्या 36 का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, क्षेत्रफल 24 × 40 = 960 वर्ग फुट,सर्वेक्षण संख्या पर स्थित 165, ग्राम- झाड़ी बड़ौदा, ग्राम पंचायत- झाड़ी बड़ौदा, तहसील एवं जिला- धार, मध्य प्रदेश-454774 .पूर्व- कॉमन रोड, पश्चिम- लखन का मकान, उत्तर- कॉमन रोड, दक्षिण- खाली आबादी क्षेत्र.

क्र. सं.	लोन एकाउंट नं.	लोन का प्रकार	सेक्शन 13(2) नोटिस तिथि	सेक्शन 13(2) नोटिस अनुसार बकाया राशि
2.	30189304	संपत्ति पर ऋण	04.09.2025	रु. 1,89,488.28/-

देनदार और सह-देनदारों का नाम:- 1. असफाक खान 2. शकीला बी

संपत्ति का पता: भूखंड का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल क्षेत्रफल 6.096 × 18.288 = 111.48 वर्ग मीटर. ग्राम छनेरा पीयू आवास, पीएच नंबर 45, खसरा नंबर 360/1 (पेकी), वार्ड नंबर 8, नेताजी सुभाष चंद्र वार्ड, मंडल कॉलोनी, तहसील- हरसूद, जिला- खंडवा, मध्य प्रदेश-450001 में स्थित है और इसकी सीमा इस प्रकार है- पूर्व- रोड, पश्चिम- कॉलोनी रोड, उत्तर- विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण- विक्रेता की शेष भूमि.

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13(4) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है). इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के तहत बिक्री/पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

एसडी/-
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)

दिनांक: 18.11.2025
स्थान: मध्यप्रदेश